चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 4.8.25 | 4 | 1-4 |

# एचएयू: एमएससी में दाखिले के लिए 82 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

## कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा रविवार को संपन्न हुई।

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा में 82 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

कुलसचिव ने उम्मीदवारों व अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर चेक करते रहें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।



एमएससी में दाखिले की प्रवेश परीक्षा के दौरान केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। स्रोत : संस्थान

## जीजेयू : विभिन्न कोर्सों में खाली सीटों के लिए फिजिकल काउंसिलिंग कल

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू) में एमटेक, एमएससी, एमए, बीएससी और इंटीग्रेटेड कोर्सेज में दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद भी सीटें खाली हैं। इसके लिए 5 अगस्त को फिजिकल काउंसिलिंग की जाएगी।

काउंसिलिंग में भाग लेकर विद्यार्थी विभिन्न कोर्सों में रिक्त सीटों पर दाखिला ले सकते हैं। इसके लिए कुछ कोर्सों में नए विद्यार्थी भी दाखिला ले सकते हैं जिन्होंने पहले अप्लाई न किया हो।

### एमए हिंदी और संस्कृत में 40 से अधिक सीटें हैं खाली

जीजेयू में चल रहे विभिन्न कोर्सों में कुछ कोर्स ऐसे हैं, जहां दाखिले न के बराबर हुए हैं। इनमें एमपीटी कार्डियो एंड पल्मोनरी डिसऑर्डर कोर्स में 15 में से एक भी दाखिला नहीं हुआ है।

मास्टर इन लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस (लेटरल एंट्री) की सभी 10 सीटें खाली हैं। एमटेक एन्वायरनमेंट साइंस में 20 में से 7 सीटें ही भर पाई हैं।

इसके अलावा योग साइंस एंड थैरेपी (एमएससी) में 40 सीटों पर सिर्फ 3 स्टूडेंट्स का दाखिला हुआ है। वहीं नए शुरू किए गए एमए संस्कृत में 50 में से केवल 9 व हिंदी में 6 और मास कम्युनिकेशन में 12 दाखिले हुए हैं। एमएससी जूलॉजी में 11 और बोटनी में 15 सीटें रिक्त हैं। इसके अलावा बीएससी ऑनर्स विद रिसर्च, एमएससी मेडिकल इमेजिंग में सभी 40 सीटें फुल हो गई हैं। एमकॉम में 29, एमएससी फिजिक्स में 10, एमटेक (प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी) में 15 में रिक्त हैं। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 4.8.25 | 2 | 5 |

# हकृवि प्रवेश परीक्षा में बैठे 82 फीसदी परीक्षार्थी

हिसार, 3 अगस्त (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था।

परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा में परीक्षार्थियों की 82 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 5-8-25 | 10 | 6-8 |

# हकृवि में चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न परीक्षार्थियों की 82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज

- एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा में परीक्षार्थियों की 82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 4.8.25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में चौथे चरण में 82 % परीक्षार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए • विज्ञप्ति

**हिसार • विज्ञप्ति** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5.8.25 | 5 | 1 |

# हकृवि में 82 प्रतिशत परीक्षार्थी पहुंचे प्रवेश परीक्षा देने

## कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

हिसार, 3 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एम.एस.सी. एग्रीकल्चर, एम.एस.सी. कम्युनिटी साइंस, एम.एफ.एस.सी. व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी [illegible] की गई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा में परीक्षार्थियों की 82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 03.08.2025 | -- | -- |

## हकृवि में चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न, परीक्षार्थियों की 82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 3 अगस्त :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की चौथे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा में परीक्षार्थियों की 82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर चेक करते रहें।